अमर उजाला 31/01/2023

# पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीके जैन की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि स्वरूप माला ओर पुष्प अर्पित किए। सभी ने बाद में संयुक्त रूप से दो मिनट का मौन रखा। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान समय गांधी के चिंतन की प्रासंगिकता का समय है क्योंकि समूचे विश्व में वह एक आदर्श के रूप में स्थापित हैं। जिन्होंने आम जनमानस को अपने मूल्य आदर्शों और सिद्धांतों से प्रभावित किया। प्राचार्य ने कहा कि गांधी के अतुलनीय योगदान के कारण ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं और हमें उनके सिद्धांतों को अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। केवल तभी हम अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त कर पाएंगे।